कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–माध्य/सी–1/स्थानांतरण/अंग्रेजी/2019–20 दिनांक–29.09.2019 के तहत् रेखा रानी व्याख्याता, अंग्रेजी, राउमावि नवां, चूरू का स्थानांतरण राउमावि जैतसीसर, सरदारशहर, चूरू किया गया। रेखा रानी द्वारा स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील संख्या 3414/2019 रेखा रानी बनाम राज्य सरकार एवं अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 3414/2019 में माननीय अधिकरण द्वारा दिनांक 18.11.2019 द्वारा अपीलार्थी रेखा रानी को इच्छित रिक्त पदों को दर्शाते हुए एक अभ्यावेदन पेश करने एवं पेश किये जाने की स्थिति में इसे निस्तारण किये जाने के निर्देश प्रदान किये है।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी द्वारा अपनी विपरीत पारिवारिक परिस्थितियों के आधार पर अपना पदस्थापन राउमावि भादरा, हनुमानगढ अथवा राउमावि जोगीवाला, हनुमानगढ किये जाने की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

माननीय अधिकरण के निर्णय की अनुपालना में अपीलार्थी की प्रतिकूल परिस्थितियों एवं संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर उनकी मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया गया।

उपर्युक्त परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए अपीलार्थी द्वारा की गई मांग इनका अभ्यावेदन/परिवेदना एतद् द्वारा स्वीकृत करते हुए इनका समायोजन राउमावि भादरा, हनुमानगढ में व्याख्याता अंग्रेजी के रिक्त पद पर पदस्थापित कर अभ्यावेदन निस्तारण किया जाता है। रेखा रानी को निर्देशित किया जाता है कि ये अपने समायोजित स्थान पर व्याख्याता अंग्रेजी के रिक्त पद पर दिनांक 05.12.19 तक आवश्यक रूप से कार्यग्रहण करें।

सभी पक्षकार सूचित होवें।

(नथमल डिडेल)
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–1/अंग्रेजी/अपील सं. 3414/रेखा रानी/2019/13 दिनांकः–02/12/2019

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा को मय आवश्यक संलग्नक आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्राधानाचार्य
9. रेखा रानी, व्याख्याता, अंग्रेजी।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर